भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 1526
(सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

पश्चिम बंगाल में कंपनियां

1526. श्री जगदीश चंद्रा बर्मा बसुनियाः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पश्चिम बंगाल में पंजीकृत कंपनियों की कुल संख्या 2011 में 1.37 लाख से बढ़कर 2025 में 2.50 लाख हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मार्च 2015 और जुलाई 2025 के बीच 1.13 लाख नई कंपनियां पंजीकृत हुईं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) 2015 और 2025 के बीच पश्चिम बंगाल में निगमित हुई कंपनियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और
(घ) मई 2015 से नवंबर 2025 तक पश्चिम बंगाल में निगमित हुई और आरंभ की गई कंपनियों में नियोजित लोगों की अनुमानित संख्या कितनी है?

उत्तर
कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): पश्चिम बंगाल राज्य में दिनांक 31.12.2011 को 1,46,723 कंपनियां रजिस्ट्रीकृत हुईं तथा दिनांक 31.12.2025 तक कंपनियों की कुल संख्या 2,54,068 थी।

(ख): पश्चिम बंगाल राज्य में दिनांक 01.03.2015 तथा दिनांक 31.07.2025 के बीच रजिस्ट्रीकृत कंपनियों की कुल संख्या 69,992 है।

(ग): पश्चिम बंगाल राज्य में वर्ष 2015 तथा 2025 के बीच निगमित कंपनियों की संख्या का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	**पश्चिम बंगाल में निगमित कंपनियों की संख्या**
2015	4,248
2016	4,622
2017	5,048
2018	5,385
2019	5,971
2020	6,628
2021	8,235
2022	8,691
2023	7,720
2024	8,115
2025	10,053
कुल	**74,716**

(घ): एमसीए पोर्टल पर ऐसा कोई डाटा नहीं रखा जाता है।

******